निविदा आमंत्रण सूचना

विशेष शाखा, बिहार, पटना के Apex training Center, 11 हार्डिंग रोड, पटना के नवनिर्मित प्रशिक्षण भवन एवं आवासीय परिसर की सफाई के लिए मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है । यहाँ के ब्लॉक--ए में 31 कमरा, 8 हॉल एवं 20 शौचालय है (26,815 वर्ग फीट) जब कि ब्लॉक 'बी में 10 कमरा, 2 हॉल, 12 शौचालय एवं 04 स्नानागार है (9216 वर्ग फीट) है।इस प्रकार कुल मिलाकर 35031 वर्ग फीट का क्षेत्रफल है ।

निविदा की शर्त इसप्रकार है :-

1. Apex training Center, के ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी के सभी प्रशिक्षण भवनों, शौचालय, कार्यालय कक्षों, सभी उपस्कर एवं परिसर की सफाई प्रत्येक दिन की जायेगी।
2. नियोजनालय एवं श्रम विभाग, बिहार सरकार के दैनिक मजदूरी दर से निविदा की दर से न्यून नहीं होगी। साथ ही जी०एस०टी० एवं अपग्रेट कर के साथ निविदा देगें ।
3. सफाई का कार्य 09.30 बजे प्रातः तक पूर्ण कर लिया जाएगा। सफाई कार्य विशेष शाखा, पटना के परिचारी प्रवर की देख-रेख में एवं उनकी संतुष्टी के अनुसार होगी।
4. प्रत्येक दिन निविदा दाता को Apex training Center की सफाई के लिए चार सफाई कर्मियों को कार्यालय अवधि तक रखना अनिवार्य होगा ।
5. निविदा दाता द्वारा पहचान हेतु चारों कर्मचारियों को फोटो युक्त पहचान पत्र देना होगा । जिसमें सफाई कर्मियों का नाम, पता, आधार संख्या, मोबाईल संख्या अंकित होगा । यह पहचान पत्र, विशेष शाखा, पटना के परिचारी प्रवर के पास सत्यापित कराकर जमा करना होगा ।
6. सफाई हेतु सभी सामानों की आपूर्ति विशेष शाखा कार्यालय द्वारा की जायेगी ।
7. सफाई का दर (1) एक वर्ष के लिए प्रभावी रहेगी । सफाई कार्य संतोषजनक रहनें पर ही निविदा की अवधि को आगे बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। कार्य संतोषजनक नहीं रहने की स्थिति में निविदा को कभी भी समाप्त किया जा सकता हैं ।
8. निविदा दाता के सफाई कर्मी द्वारा लापरवाही से सरकारी सम्पति की क्षति पहुँचाने की स्थिति में, क्षति की पूर्ण भर पाई निविदा दाता को करनी होगी ।
9. अनाधिकृत अनुपस्थिति की स्थिति में राशि की नियमानुसार कटौती की जायेगी ।

अतः उपरोक्त शर्तो के आलोक में इच्छुक व्यक्ति अपना-अपना मुहर बंद निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष (ए-517) में दिनांक 21.06.2019 (दिन सकबार) के अपराह्न 15.00 बजे तक निश्चित रुप से जमा कर दें । इस तिथि एवं समय के पश्चात निविदा मान्य नहीं होगी।

सभी निविदाएं दिनांक 21.06.2019 (दिन सुकबार) को 15.15 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी ।

विशेष परिस्थिति में अधोहस्ताक्षरी इसे कभी भी रद्द कर सकते है ।

23/5/19

पुलिस अधीक्षक (जी)
विशेष शाखा, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक- 118 ---- (निःश्रा०) वि०शा०, पटना, दिनांक 23/05/2019

प्रतिलिपि-

1. निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को सूचनार्थ। प्रेषित अनुरोध है कि निविदा को दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों (हिन्दी/अंग्रेजी) एवं दो स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।
2. वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को इसकी सूचना पटना शहर में प्रचारित/प्रसारित करने के संबंध में प्रेषित ।
3. मुख्य कार्यालय पदाधिकारी पटना नगरनिगम, पटना को सूचना पट्ट पर लगा कर इसकी सूचना प्रचारित/प्रसारित करने के संबंध में प्रेषित ।
4. पुलिस उपाधीक्षक, रक्षित कार्यालय वि०शा०, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कियार्थ।
5. परिचारी प्रवर, रक्षित कार्यालय वि०शा०, बिहार, पटना को सूचना पट्ट, वि०शा०, बिहार, पटना के माध्यम से प्रचारित करने हेतु ।
6. आई०टी० मैनेजर, पुलिस महानिदेशक कार्यालय को निविदा की एक प्रति बिहार पुलिस के वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु ।

23/5/19

पुलिस अधीक्षक (जी)
विशेष शाखा, बिहार, पटना ।